खाटू के खाटूश्याम ने खाटू में बुलवाया है | by Shyam Ladli Priya Gupta

फागण मेला आया नशा अलबेला छाया है
खाटू के खाटूश्याम ने खाटू में बुलवाया है

रींगस से खाटू का प्यारे गज़ब नज़ारा होगा
MP UP हरयाणा पंजाब भी आया होगा
हर प्रेमी को श्याम ने जलवा खुद दिखलाया है
खाटू के खाटूश्याम ने खाटू में बुलवाया है

उड़े हवा में रंग अबीरा श्याम ध्वजा लहराए
जगह जगह पर लगे अखाड़े प्रेमी धूम मचाये
देख रुप मेरे श्याम का चंदा भी शरमाया है
खाटू के खाटूश्याम ने खाटू में बुलवाया है

है शौक़ीन मिजाज़ सांवरा बागा है सतरंगी
एक और है गोपीनाथ जी जोड़ी पर बजरंगी
तेरह सीढ़ियों पे इसने दरबार सजाया है
खाटू के खाटूश्याम ने खाटू में बुलवाया है

फागुन शुक्ला द्वादशी की जग में महिमा न्यारी
तीन बाण का धारी बना है खाटू लखदातारी
गौरव ने गौरव श्याम धणी सब तुमसे पाया है
प्रिया ने भी तो श्याम धणी सब तुमसे पाया है
खाटू के खाटूश्याम ने खाटू में बुलवाया है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82/